तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 मनेन्द्रगढ़ में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम



## खबर संक्षेप

### आया मौसम पतझड़ का...



**बैकुण्ठपुर।** पतझड़ के मौसम की शुरूआत हो गई है। पुराने पत्तों के गिरने के साथ ही धीरे-धीरे नई कोपले भी निकली शुरू हो जाती है। आने वाले कुछ दिनों में सभी ओर पेड़ों के गिरते पत्ते का ढेर जमीं पर दिखाई देगा।

### मौसम बदला, धूप का असर तेज

**सोनहत।** विगत दिनों हल्की बारिश के कारण मौसम में आई ठंडक अब कम हो गई है। दिन में हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है। विशेषकर दोपहर के समय धूप का असर तेज हो रहा है, जिससे प्रारंभिक गर्मी महसूस की जा रही है। हालांकि शाम के समय, खासकर वनांचल ग्रामों में हल्की ठंडक अब भी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मौसम में ठंडक अब नाम मात्र की रह गई है।

### मांगलिक कार्यों में ग्रामीण व्यस्त

**सोनहत।** खंड स्तर से लेकर वनांचल क्षेत्रों तक इन दिनों मांगलिक कार्यों का दौर शुरू हो गया है। विशेषकर शादी-विवाह को लेकर गांवों में तैयारियां जोरों पर हैं। परिवारों के बीच आना-जाना बढ़ गया है और खरीद-फरोख्त का सिलसिला भी तेज हो गया है। हालांकि फिलहाल गिने-चुने घरों में ही मांगलिक कार्यों की तैयारी चल रही है, फिर भी शादी-विवाह से संबंधित साज-सामान की ग्राहकी खंड स्तर के प्रतिष्ठानों में बढ़ने लगी है।

### बाल कल्याण समिति ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अतिरिक्त कक्ष, कार्यालय, परामर्श कक्ष, मजिस्ट्रेट कक्ष, सभा कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को विधिवत एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं त्वरित न्याय प्रशासन की प्राथमिकता है तथा सभी विभाग समन्वय से कार्य करें।

### संत गुरु रविदास महराज जयंती का समापन कल

**चरचा कॉलरी।** सूर्यवंशी महासभा छग राज्य के तत्वावधान में गुरू पर्व के अवसर पर संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज जी की 649 वीं जयंती का भव्य समापन समारोह 22 फरवरी रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन प्रदेश स्तरीय बैठक एवं कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम का आयोजन सूरजपुर स्थित चेरवा सामुदायिक भवन, रिंग रोड नमदागिरी में किया जाएगा। आयोजन में सरगुजा, बस्तर, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर संभाग सहित विभिन्न जिलों से समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल होंगे। समारोह में संत गुरू रविदास महाराज जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा तथा समाज में समरसता, समानता और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा। आयोजकों ने सभी समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आज

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशों के पालन में कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां निर्धारित की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 फरवरी को जनपद पंचायत अनूपपुर के सामुदायिक भवन प्रांगण बदरा में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद कोतमा, नगरपालिका परिषद बिजुरी, नगरपालिका परिषद पसान, नगर परिषद बनगवां (राजनगर), डोला, डूमर कछार सहित जनपद पंचायत अनूपपुर एवं जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायतों के वर-वधु सम्मिलित होंगे।

---

**जनभागीदारी से जल संरक्षण की अनूठी पहल** | केन्द्रीय मंत्री पाटिल ने की सराहना, इन गड्ढ़ों में जल संचयन से फसलों को मिलेगा पर्याप्त लाभ

# कोरिया का 5 प्रतिशत मॉडल बना राष्ट्रीय नीति, अब पूरे देश में होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन की दिशा में भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला में सफल 5 प्रतिशत मॉडल को देशभर में लागू करने की घोषणा की है।

यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की उपस्थिति में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान लिया गया। बैठक में छग के सभी जिला कलेक्टरों के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर विस्तृत चर्चा हुई और कोरिया जिले के नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने पर सहमति बनी। केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब देश और दुनिया भू-जल संकट से चिंतित हैं, ऐसे समय में कोरिया का यह नवाचार पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। श्री पाटिल ने कहा कि यह मॉडल अब केवल कोरिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छग सहित पूरे देश में लागू किया जाएगा। जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के गांवों में अभियान चलाकर किसानों को इस मॉडल की जानकारी दी गई। प्रचार-प्रसार और शिविरों के माध्यम से जागरूकता बढ़ी, जिसके परिणामस्वरूप किसानों ने स्वयं आगे आकर अपनी भूमि के एक कोने में सोख्ता गड्ढ़ों का निर्माण किया। बरसात के दिनों में इन गड्ढ़ों में जल संचयन से जमीन की नमी बढ़ी और फसलों को पर्याप्त लाभ मिला।



मॉडल।



अकलासरई बना जल संरक्षण का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

छग सरकार के जल संरक्षण महाभियान मोर गांव मोर पानी के तहत कोरिया जिले में शुरू किए गए आवा पानी झोंकी अभियान ने ग्रामीणों के सहयोग से नया आयाम हासिल कर लिया है। इस जनअभियान के तहत ग्राम पंचायत अकलासरई जल

■ पांच प्रतिशत योजना से खेतों में पानी का संचित

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### क्या है 5 प्रतिशत मॉडल

आवा पानी झोंकी अभियान के अंतर्गत शुरू की गई यह अभिनव पहल जल संरक्षण पर आधारित है। इस मॉडल के तहत खेत या बाड़ी की कुल भूमि के 5 प्रतिशत भाग में सीढ़ीनुमा संरचना वाला सोख्ता गड्ढ़ा तैयार किया जाता है। वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल पुनर्भरण किया जाता है, इससे न केवल भू-जल स्तर में सुधार होता है, बल्कि कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरिया का यह नवाचार प्रदेश व देश में लागू होने से निश्चित ही जिले के किसानों, ग्रामीणों के प्रयास, रूचि और जागरूकता से संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि इस 5 प्रतिशत मॉडल ने पूरे देश में कोरिया को एक बार फिर पहचान दिलाई है, जो जल आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव साबित हो सकता है।

---

## पुष्पगुच्छ से विद्यार्थियों का केन्द्रों में हुआ स्वागत, कहीं नहीं बने नकल प्रकरण

# पहले दिन 1595 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

माशिमं रायपुर द्वारा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से भौतिक शास्त्र व भूगोल विषय के साथ शुरू हो गई। पहले दिन जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र में एक भी नकल के प्रकरण सामने नहीं आए।

बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है,जो विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करता है। 12 वीं बोर्ड की परीक्षा के दिन किसी भी केन्द्र में नकल का मामला दर्ज नहीं हुआ। वहीं बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन 21 फरवरी से 10 वीं बोर्ड की परीक्षा निर्धारित केन्द्रों में होगी। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के 25 केन्द्र बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष माशिमं द्वारा सीबीएसई की तर्ज पर बोर्ड कक्षाओं के ब्लू प्रिंट तैयार कर परीक्षा आयोजित कर रहा है। वहीं प्रदेश में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा विगत कई वर्षो से 1 मार्च से शुरू होती थी, लेकिन इस वर्ष सीबीएसई की तर्ज फरवरी माह में ही बोर्ड की परीक्षा शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा भी बुधवार से शुरू हो गई है।






विद्यार्थियों का स्वागत करते शिक्षक।

### 10 वीं बोर्ड की परीक्षा आज

**सोनहत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार 21 फरवरी से 10 वीं बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। खंड स्तर पर सभी परीक्षा केन्द्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार सोनहत, कटगोड़ी, रामगढ़ और भैंसवार में परीक्षा संचालन के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### 10 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के अंतर्गत कक्षा 12 वीं के भूगोल/भौतिक विषय की परीक्षा 20 फरवरी से कोरिया जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1605 परीक्षार्थी दर्ज थे, इनमें से 1595 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ रही। परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक सुरक्षा एवं अनुशासनात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बुके, पेन तथा तिलक-चंदन लगाकर परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि आगामी विषयों की परीक्षाएं भी इसी प्रकार सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाएंगी।

### पहले दिन पुष्प देकर स्वागत

बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 20 फरवरी को 12 वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई। इस दिन कई परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को पुष्प देकर स्वागत किया गया। इस तरह का स्वागत विगत कुछ वर्षों से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में शिक्षकों द्वारा किया जाता रहा है। इस परंपरा का पालन करते हुए 20 फरवरी को आयोजित 12 वीं बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखार में भी शिक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के केन्द्र पर पहुंचने पर पुष्प देकर स्वागत किया गया।

### लंबी दूरी तय कर पहुंचे परीक्षा केन्द्र

कोरिया जिले के वनांचल सोनहत जनपद क्षेत्र में 10 वीं तथा 12 बोर्ड परीक्षा के लिए केवल चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें सोनहत, कटगोड़ी, रामगढ़ व भैंसवार शामिल है, जबकि वनांचल सोनहत जनपद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बोर्ड के परीक्षार्थियों को लंबी दूरी तय कर अपना परीक्षा केन्द्र तक पहुंचना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद क्षेत्र में बोर्ड के विद्यार्थी 20-25 किमी की दूरी तय कर समय पर परीक्षा केन्द्र तक अपने साधन से पहुंच रहे हैं।

---

# चरचा माइंस में चोरी की घटनाएं बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरचा कॉलरी

साऊथ ईस्ट कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा माइंस आरओ में इन दिनों लोहा, कोयला, तांबा, केबल सहित अन्य सामग्रियों की चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, इससे प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

■ भारी भरकम लोहा लदा ओमनी पकड़ा गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह नियमित पेट्रोलिंग के दौरान एसईसीएल के सुरक्षा प्रहरी शिव सिंह एवं अन्य प्रहरियों ने एक संदिग्ध ओमनी कार क्रमांक सीजी 16 बी 1791 को रोका। उक्त वाहन चरचा से ग्राम पंचायत सरडी के बाधपारा की ओर जा रहा था और उसमें एसईसीएल का भारी भरकम लोहा लोड था। सुरक्षा प्रहरियों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को धर दबोचा। हालांकि वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर ओमनी कार छोड़कर फरार हो गया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद वाहन को जब्त कर चरचा थाना में सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है कि चरचा माइंस क्षेत्र में पिछले कुछ समय से कोयला और स्क्रैप की



चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए वाहन से बरामद लोहा माइंस परिसर से अवैध रूप से निकाला गया बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि चोरी की इस घटना के पीछे संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है, जो लंबे समय से माइंस क्षेत्र में रेकी कर मौके की तलाश में रहते हैं। जानकारी यह भी मिली है कि हाल के दिनों में केबल, लोहे के एंगल, स्क्रैप और अन्य उपयोगी सामग्री की चोरी की घटनाएं सामने ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

# पीडीएस दुकान में चावल तिहार का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** वार्ड क्रमांक 15 स्थित शासकीय राशन दुकान में चावल तिहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर शासन की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को वितरित किए जा रहे चावल की व्यवस्था का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 15 एवं 22 के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों से अवगत हुआ गया। राशन दुकान पहुंचकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बिक्री पंजी, स्टॉक रजिस्टर तथा वितरण प्रक्रिया की



विस्तृत जानकारी ली गई। वितरण में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही राशन वितरण किया जाए। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा एवं वार्ड क्रमांक 15 की ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जिला कार्यालय में समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्य प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने बताया कि सभी शासकीय कार्यालयों में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। अतः अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः 10 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को जिला अधिकारी अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# बिहारपुर वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा दंतैल हाथी

**बैकुण्ठपुर।** मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के बिहारपुर वन परिक्षेत्र में एक दंतैल विचरण कर रहा है।

वन विभाग के अनुसार दंतैल हाथी के द्वारा प्रभावित क्षेत्र में किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचाएं जाने की खबर है, वहीं वन विभाग का मैदानी अमला दंतैल हाथी पर नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र में मुनादी कराकर ग्रामीणों को हाथी से सुरक्षित दूरी रखने एवं किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईश दी जा रही है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को दंतैल हाथी मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र बिहारपुर के परिसर



चपलीपानी अंतर्गत कक्ष क्रमांक 852, 857 एवं 851 से होते हुए वन परिक्षेत्र देवगढ़ के हर्राडीह क्षेत्र में पहुंच कर विचरण करते देखा गया। वन विभाग के अनुसार हाथी प्रभावित क्षेत्र में अब तक किसी प्रकार की जनजानि, पशुहानि या मकान व फसल क्षति की सूचना नहीं है। वन विभाग हाथी पर निगरानी बनाए हुए हैं। इस क्षेत्र से हाथी के दल के जाने की संभावना ग्राम कांटो, झामडॉड़, बसखोहार,मनियारी, शिवपुर, नवाडीह एवं सोनहरी क्षेत्र की ओर जाने की संभावना जताई गई है। वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्र में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात्रि में अनावश्यक बाहर न निकलने तथा हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाईश दी जा रही है तथा आपात स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की।

---

## लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत और पंडवानी के सुर से गूंजा मिनी स्टेडियम

# तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

जिले में आयोजित तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव का गुरूवार शाम भव्य एवं उल्लासपूर्ण समापन हुआ। लोक संस्कृति, परंपरा और आधुनिक प्रस्तुतियों के संगम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शासकीय रामानुज आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में 17 फरवरी को किया था। बुधवार को बैकुंठपुर के विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने पंथी, सुवा, शैला, कथक





एवं ओड़िसी नृत्य सहित सैक्सोफोन वादन, भरथरी एवं फ्यूजन गायन की बुधवार को प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया था। 19 फरवरी को समापन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले स्थानीय लोक कला दल ने कर्मा नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल को लोक रंग में रंग दिया। सियाधेश म्यूजिक और बैकुंठपुर बॉलीवुड मिक्स की धुनों पर युवा दर्शक देर तक झूमते रहे। रायपुर से पहुंचीं सुश्री ईशिका गिरी ने शास्त्रीय गायन एवं कथक नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। बिलासपुर की नृत्यधारा डांस एकेडमी ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इशिका ने दी मनमोहक प्रस्तुति



शहर के मिनी स्टेडियम में आयोजित कोरिया महोत्सव में इशिका ने अपनी बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इशिका ने आयोजन में दुर्गा प्रस्तुति, प्रकृति चित्रण, तत्कार, परण एवं तिहाईयों की शानदार प्रस्तुति दी। इशिका वर्तमान में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में डॉ.आरती सिंह से नृत्य विधा की शिक्षा प्राप्त कर रही है और अपनी प्रस्तुति की सफलता का श्रेय अपने गुरू को देती है। इशिका नृत्य में रायगढ़ घराने का प्रतिनिधित्व करती है और भविष्य में एक कुशल नृत्यांगना बनना चाहती है।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल

**मनेन्द्रगढ़।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को मनेन्द्रगढ़ स्थित निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंटर कोड 3001 शासकीय विवेकानंद पीजी कॉलेज, वार्ड क्रमांक 14 झगराखण्ड रोड मनेन्द्रगढ़ में 285 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। वहीं सेंटर कोड 3002 शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा मेन रोड पुलिस स्टेशन के पास मनेन्द्रगढ़ में 282 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 567 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा का प्रथम सत्र पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र अपरान्ह 3 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। परीक्षा के दौरान सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इस दल में विजेन्द्र सारथी डिप्टी कलेक्टर जिला एमसीबी, सुश्री श्रुति धुर्वे तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ तथा आराधना बनोद उप निरीक्षक थाना मनेन्द्रगढ़ को नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा की पारदर्शिता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हों।

## खबर संक्षेप



### पार्वती इंस्टीट्यूट में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में बुधवार को संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों के प्रतिनिधियों के साथ उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएड प्रशिक्षार्थियों के शाला अवलोकन एवं शाला अभ्यास कार्यक्रम से संबंधित द्विवर्षीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम के विभिन्न उद्देश्यों एवं योजनाओं को विस्तार से बताया गया। साथ ही शाला अभ्यास एवं शाला अवलोकन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए गए। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्यों ने अपने सुझाव दिए। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छविरानी मंडल सहित सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने तहसील का चक्कर लगा रहा वृद्ध

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी 75 वर्षीय गफ्फार खान अपनी 20 डिसमिल जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार के लिए पिछले छह वर्षों से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी के कारण वे अपनी ही जमीन का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मो. हासिम खान आ. खलील खान का आरोप है कि भूमि का नाम आज तक ऑनलाइन बी-1, खसरा एवं नक्शा में दर्ज नहीं किया गया है। इसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकरणों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भूमि को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए उन्होंने आवेदन भी प्रस्तुत किया है, लेकिन अब तक सुधार नहीं हो सका है। वे पिछले छह वर्षों से राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस बीच उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हो गई, जिनके उपचार में अब तक लगभग 10 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और आगे भी करीब 20 लाख रुपये की आवश्यकता बताई जा रही है। आर्थिक संकट के चलते वे अपनी जमीन बेचना चाहते हैं, परंतु ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम गलत दर्ज होने के कारण बिक्री संभव नहीं हो पा रहा है।



### पिकअप की टक्कर से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम कम्बा निवासी जय जितेन्द्र राम आ. करमू राम (45 वर्ष) गत दिनों बाइक को रेलवे स्टेशन में छोड़कर काम के सिलसिले में बैतूल गया था। बुधवार को बैतूल से आने के पश्चात बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही ग्राम बरगीडीह के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### श्रद्धांजलि में सूरजपुर और रामानुजगंज के न्यायाधीश व अधिवक्ता हुए शामिल

रामानुजगंज/ सूरजपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश की माता स्व. श्रीमती कुसुम सिन्हा की पुण्य स्मृति में उनकी आत्मा की शांति हेतु शांति हवन का आयोजन 18 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश के शासकीय आवास उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांति हवन सम्पन्न हुआ। भजन संध्या पश्चात शोक सभा का आयोजन किया गया तथा सभी उपस्थित जनों द्वारा मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की माता स्वर्गीय श्रीमती कुसुम सिन्हा के जीवन, उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, संस्कारों एवं पारिवारिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उनके स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद ने सदैव जीवन में कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा एवं सेवा भाव की प्रेरणा दी। माताजी के स्नेह और आशीर्वाद की स्मृतियाँ सदैव शक्ति एवं प्रेरणा प्रदान करती रहेंगी।

### लगाई गई आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी

# 525 लोगों को सरगुजा पुलिस ने लौटाया गुम हुआ मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- नियमों का पालन करने किया आह्वान

सरगुजा पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद करने और उनके असल मालिकों को वापस करने के लिए शुरू किए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने पिछले पांच महीनों में अभियान चलाकर 525 नग मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद किए गए मोबाइल फोन को पुलिस ने उनके मालिकों के सुपुर्द किया। इस दौरान पुलिस ने अपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को नए कानून की अवधारणा से भी अवगत कराया।

बता दें कि एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने गुम, चोरी हुए मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को वापस लौटाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में साइबर सेल व थाना व चौकी पुलिस की टीम ने पिछले पांच महीनों के भीतर 525 गुम मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद किए गए फोन की कीमत लगभग 1 करोड़ रूपए आंकी गई है। इसके पूर्व भी पुलिस ने अगस्त 2025 मे 60 नग गुमे हुए मोबाइल वापस को बरामद कर मोबाइल धारको को वापस सौपा गया था। गुरुवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने बरामद किए गए मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को प्रदान किया। इस दौरान एसएसपी व डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि थोड़ी से असजगता, लापरवाही एवं भूल से मोबाइल गुम हो जाता है, मोबाइल आज़ के समय मे व्यक्ति की सबसे उपयोगी वस्तु है, नागरिकों द्वारा अपने मोबाइल गुमने की रिपोर्ट की जाती है, जिसे पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मोबाइल को ट्रेस कर मोबाइल धारक को पुनः वापस करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाती है, अधिकतर मामलो मे पुलिस को सफलता प्राप्त होती है, जिससे नागरिकों मे संतुष्टि का भाव दिखता है। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा ने नागरिकों को भीड़ भाड़ वाले इलाकों मे सब्जी बाजारो मे शर्ट के सामने पॉकेट मे मोबाइल रखने पर एहतियात बरतने की जानकारी दी।

वहीं कार्यक्रम में नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी कर नागरिकों को नए क़ानून की अवधारणा से अवगत कराया गया। 1 जुलाई 2024 से प्रभावी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) पर केंद्रित प्रदर्शनी, औपनिवेशिक कानूनों के स्थान पर आधुनिक, तकनीकी-आधारित और न्याय-उन्मुख कानूनी ढांचे को दर्शाया गया, नए कानूनों मे फोरेंसिक जांच, ई-एफआईआर, महिलाओं/बच्चों के खिलाफ अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जानकारी प्रदान की गई, उक्त नए क़ानून का उद्देश्य दंड से न्याय की ओर जाना बताया गया।

इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल, थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, उनि अभय तिवारी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक अनुज जायसवाल, अमनपुरी, अशोक यादव, अमित विश्वकर्मा, रमेश राजवाड़े, सत्येंद्र दुबे, रामशंकर यादव, सुशील मिंज सक्रिय रहे।



लोगों को गुम मोबाइल देते एसएसपी व अन्य।

**नागरिकों से एसएसपी ने किया आह्वान**

कार्यक्रम के दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने आम जनता से आह्वान किया कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने मोबाइल फोन का विशेष ध्यान रखें और अगर फोन गुम हो जाए तो पुलिस को सूचित कर, रिपोर्ट दर्ज करवाएं, इसके पश्चात भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर लॉगिन कर गुम मोबाइल की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से दर्ज करें। वहीं कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया गया। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा ने उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का आह्वान किया।




# योजनाओं से प्रत्येक पात्र जन को जोड़ना हमारा दायित्व : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- जनपद सभाकक्ष में हुई दिशा समिति की बैठक, सांसद ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जनपद के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई।

सांसद ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार्य नहीं की जाएगी। सांसद ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं पहुंचाई जाएं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं लेकिन इनका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर इन्हें धरातल पर उतारें। शिक्षा, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राशन भंडारण एवं वितरण सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद श्री महाराज ने अधिकारियों को वीबी जी राम जी के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते, जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी वैभव बैंकर, डीएफओ आलोक बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आरएन पाण्डेय, समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुम्दा बस्ती स्थित ग्रामीण के घर हुए धान चोरी के मामले में प्रार्थी के बेटे समेत दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम कुमदा बस्ती में धान चोरी की वारदात में शामिल प्रार्थी के पुत्र समेत एक अन्य युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुमदा बस्ती निवासी 60 वर्षीय प्रार्थी रामविलास राजवाड़े ने थाना बिश्रामपुर पहुंचकर अपने घर से धान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए), 112 (2) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। धान की चोरी की तलाश में जुटी पुलिस को मुखबिर से अहम सूचना मिली,सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दो युवकों को हिरासत में लिया,पूछताछ के दौरान जब सख्ती दिखाई गई तो दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली,पकड़े गये आरोपियों में से एक आरोपी खुद प्रार्थी ग्रामीण का पुत्र निकला,पुलिस ने मामले में आरोपी 22 वर्षीय मुन्ना पैकरा पिता झंदरू निवासी फोकटपारा शिवनंदनपुर के अलावा प्रार्थी के पुत्र 30 वर्षीय दिगंबर राजवाड़े को गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए आठ बोरा धान, पल्सर मोटरसाइकिल व सब्बल को जब्त कर लिया है। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी दिगंबर राजवाड़े नशेड़ी किस्म का युवक है,जो नशे की लत की पूर्ति हेतु अपने साथी मुन्ना पैकरा के साथ मिलकर खुद अपने ही घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

दोनों आरोपियों ने पहले घर की गतिविधियों पर नजर रखी और मौका पाकर धान की बोरियां निकाल लीं,वारदात को अंजाम देने के लिए पल्सर मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया गया।

# डीजे को धीमी आवाज़ में बजाने थाना प्रभारी ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- नियमों के उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

वर्तमान में सीबीएसई, आईसीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं,इसी बीच शादी-विवाह के मौसम में डीजे साउंड सिस्टम और ढोल-नगाड़ों की तेज ध्वनि से छात्रों को पढ़ाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,इसे देखते हुए बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने नगरवासियों से डीजे कम साउंड में बजाने की अपील की है।

थाना प्रभारी ने कहा है कि रात 10 बजे के बाद तेज ध्वनि में डीजे बजाना प्रतिबंधित है,उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि यदि रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे बजते पाए जाने पर डीजे संचालक एवं कार्यक्रम आयोजक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का समय है और तेज ध्वनि विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित करती है, जिसका सीधा असर उनके परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है,इसके अलावा डीजे की अत्यधिक आवाज बीमार व्यक्तियों, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है,थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि सामाजिक कार्यक्रमों में नियमों का पालन करते हुए ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें, अन्यथा पुलिस को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



### विश्व हिन्दू परिसर के विभाग कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन

**अंबिकापुर।** गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के अवसर पर के सोनपुर चौंक पर आबंटित भूमि पर विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) के विभाग कार्यालय का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान परिषद के जिला अध्यक्ष विनीत गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में भुमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें विभाग मंत्री रामेन्द्र शुक्ला एवं परिषद के जिला उपाध्यक्ष नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के पार्षद डॉ शिवमंगल सिंह ने धार्मिक वातावरण में बाबा सिया राम गिरी के वैदिक मंत्रों से पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक की अंकित दास, लक्ष्मीनारायण सिंह, विनय दास विजय केशरी, जिला सह संयोजक मोनू साहू, महेन्द्र राजवाड़े, संघ से अजय साहू मौजूद थे।

# पर्यटन मंत्री ने किया 259 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- धान उपार्जन केन्द्रों में आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम केवरा, जमगला, पुहपुटरा, निम्हा, लहपटरा, खैरबार, केशवपुर, रामपुर एवं सुखरी के धान उपार्जन केन्द्रों में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सुविधा और समृद्धि के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इन धान उपार्जन केन्द्रों में बाउंड्री वाल निर्माण, कवर्ड प्लेटफार्म निर्माण तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

इन सभी कार्यों पर कुल 259.68 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले और उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी हो। धान उपार्जन केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से किसानों को सुरक्षित भंडारण, सुगम परिवहन और व्यवस्थित व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इससे उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता आएगी, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री का पूरा लाभ मिल सकेगा। प्रदेश में किसान हित सर्वोपरि है। धान उपार्जन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि गांवों में ही बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से धान खरीदी व्यवस्था और अधिक सुचारू होगी, जिससे किसानों को अनावश्यक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार ने धान खरीदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाकर रजिस्ट्रेशन और भुगतान प्रक्रिया को तेज किया है। सरगुजा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़क, भंडारण और बिजली सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। पिछले वर्षों में राज्य सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाओं और जैविक खेती प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। इन पहलों से किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य साकार हो रहा है।

लखनपुर विकासखंड के इन ग्रामों में होने वाले कार्य पूर्ण होने पर न केवल उपार्जन केंद्र आधुनिक बनेंगे, बल्कि स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



# उपार्जन केन्द्र में धान खपाने का प्रयास 75 बोरी धान सहित दो पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

मानी स्थित धान खरीदी केंद्र में अनियमितताओं को छुपाने के उद्देश्य से समिति के कर्मचारियों द्वारा अवैध तरीके से धान खपाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे दो पिकअप धान से लदे हुए खरीदी केंद्र परिसर में पहुंचे। बताया जा रहा है कि यह धान रिकॉर्ड में दर्ज नहीं था और इसे पूर्व में हुई गड़बड़ियों को समायोजित करने के लिए केंद्र में खपाने की तैयारी की जा रही थी। स्थानीय ग्रामीणों को देर रात केंद्र परिसर में हो रही हलचल पर संदेह हुआ। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दो पिकअप से धान उतारने की तैयारी चल रही है। ग्रामीणों ने तत्काल वाहन चालकों और मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने वाहनों को रोक लिया और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारी और खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में धान से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। संदेह के आधार पर धान लोड दोनों पिकअप जब्त कर लिया गया।

खाद्य विभाग ने धान को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। खरीदी केंद्र के रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और परिवहन दस्तावेजों की जांच कराई जाएगी ताकि यह स्पष्ट हो सके कि धान कहां से लाया गया और किसके निर्देश पर उसे केंद्र में खपाने की कोशिश की गई।

इस संबंध में खाद्य अधिकारी संदीप भगत ने बताया कि दो पिकअप वाहन को जब्त की गई है। एक पिकअप पर 75 बोरी धान लोड था। जानकारी मिला है कि दूसरे पिकअप की धान खाली हो चुका था अभी जांच बाकी है। विस्तृत जांच होने उपरांत करवाई की जाएगी।



### महापौर निधि से प्रदान की गई राशि, छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की गई थी घोषणा

# संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने पर केशव को मेयर ने दिया एक लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

नगर निगम सरकार द्वारा मेधावी छात्र द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा सफलता पूर्वक पास करने पर एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले केशव गर्ग को चेक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

बता दें कि नगर निगम की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा सफलता पूर्वक पास करने पर छात्र-छात्राओं को एक लाख रूपए का चेक प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर निगम के महापौर कक्ष में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा महापौर सम्मान निधि से संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर को गौरवान्वित करने वाले मेधावी छात्र अग्रसेन वार्ड चंदगी राम टावर निवासी केशव गर्ग आ. विनोद गर्ग 1 लाख रूपए का चेक प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई।

महापौर की घोषणा अनुसार शहर के मेघावी ऐसे जो संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर को गौरव प्रदान करने वाले युवाओं को महापौर सम्मान निधि से एक लाख की राशि भेंट कर प्रोत्साहित की जाएगी जिससे प्रोत्साहित होकर अन्य युवा भी देश के सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल होकर नगर एवं प्रदेश को गौरव प्रदान करेंगे। इस योजना अंतर्गत पूर्व में भी नगर के मेघावी छात्रा बौरीपारा निवासी सुश्री प्राची जायसवाल आ. मोहन जायसवाल एवं खरसिया रोड कुंडला सिटी निवासी छात्र नीरज कुमार गोयल आ. विजय गोयल को भी एक-एक लाख की राशि भेंट कर प्रोत्साहित किया जा चुका है। इस अवसर पर महापौर परिसर के सदस्य मनीष सिंह, जितेंद्र सोनी, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, विपिन पांडेय, शशिकांत जायसवाल, सुशांत घोष, पार्षद मनोज गुप्ता, विकास पांडेय, पपिंदर सिंह, सचिव सुश्री सरिता गुप्ता सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





# 'तेरा यार हूं मैं' का फर्स्ट लुक आया सामने...

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'के निर्देशक मिलाप जावेरी की नई फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी गई है। इस बार मिलाप जावेरी प्यार, दर्द और संगीत की कहानी 'तेरा यार हूं मैं'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की घोषणा करते हुए एक मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# कनी

## कोई नहीं समझ सकता दुष्कर्म पीड़िता का दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कनी कुश्रुति ने दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे फिल्म 'अस्सी'के दौरान उन्हें कानूनी प्रक्रिया को समझने का मौका मिला। हुमा कुरैशी स्टारर हिट वेब सीरीज 'महारानी' में कावेरी के किरदार से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री कनी कुश्रुति जल्द ही अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी'में नजर आएंगी।

इस फिल्म में एक दुष्कर्म पीड़िता का किरदार निभा रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की। उनका कहना है कि दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को पूरी तरह समझना असंभव है। कनी कुश्रुति ने अपने किरदार को लेकर कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को हूबहू महसूस कर सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में हमने इसके सबसे करीब पहुंचने की कोशिश की। कई बार ऐसा लगता है कि आप उस स्थिति में हैं, क्योंकि आपको लगभग यकीन हो जाता है कि यह आपके साथ हुआ है। लेकिन, मैं ऐसी अभिनेत्री नहीं हूं जो पूरी तरह से उस स्थिति में उतर जाए, क्योंकि इससे आप पर असर पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं करती।बचपन से लेकर अब तक इस देश में पली-बढ़ी एक महिला के रूप में, क्या मुझे इस तरह के हमलों या आघातों का एहसास है? हां, शायद है, क्योंकि मेरे करीबी लोग इससे गुजरे हैं। इसलिए कभी-कभी यह उन चीजों में से एक है जिनसे आप अनजाने में ही जुड़ जाते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि इस फिल्म ने उन्हें भारत में ऐसे मामलों में कानूनी व्यवस्था की प्रकृति को समझने में मदद की। अक्सर अदालती कार्यवाही अतीत के दर्द को फिर से ताजा कर सकती है।



## हॉलीवुड मसाला



# प्युअर्टोरिको में निभाएंगे लीड रोल

**लॉस एंजिल्स।** प्योर्टो रिको के ग्लोबल सुपरस्टार बैड बनी अब बड़े पर्दे पर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वे ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म प्युअर्टोरिको में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह उनकी पहली फीचर फिल्म होगी। जिसमें वे बतौर लीड स्टार दिखाई देंगे। प्युअर्टोरिको को मेकर्स ने 'एपिक कैरेबियन वेस्टर्न' बताया है। यह फिल्म प्योर्टो रिको के इतिहास और उसकी जड़ों को सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी के जरिए दिखाएगी। खास बात यह है कि फिल्म का निर्देशन ग्रैमी विनिंग रैपर रेसिडेंटे करेंगे।




# मार्डी ग्रास कार्यक्रम में भारी हंगामा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियौफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना मंगलवार सुबह न्यू ओरलीन्स के फ्रेंच क्वार्टर इलाके में हुई। हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियौफ पहले भी कई कानूनी विवादों में रह चुके हैं। अब एक नया मामला सामने आया है, जिसके बाद सीधे पुलिस को ला बियौफ को गिरफ्तार करना पड़ा। यह पूरा मामला मार्डी ग्रास कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है। हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियौफ की मार्डी ग्रास कार्यक्रम के दौरान दो लोगों से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक, उनके पास रात करीब 12:45 बजे एक कॉल आया, जिसमें उन्हें बताया गया कि ला बियौफ हंगामा और आक्रामक व्यवहार कर रहे हैं। जब एक कर्मचारी ने एक्टर को वहां से बाहर निकालने की कोशिश की, तो बाहर आने के बाद अभिनेता ने एक व्यक्ति से मारपीट की।



# ऋतिक संग काम से एक्स बॉयफ्रेंड को जलन

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने अपने एक्स बॉयफ्रेंड को लेकर एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को उनके गुड लुकिंग हीरो के साथ काम करने पर जलन होती थी। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म आ रही है दो दीवाने शहर में। इस फिल्म का दोनों खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। ऐसे ही एक प्रमोशन के दौरान मृणाल बताती हैं कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को एक्ट्रेस के गुड लुकिंग स्टार ऋतिक रोशन और शाहिद कपूर के साथ काम करने से जलन होती थी। दरअसल, मृणाल से पूछा गया कि क्या वह सिक्योर इंसान हैं या फिर इनसिक्योर। मृणाल फिर अपनी एक स्टोरी बताती हैं कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को पसंद नहीं था एक्ट्रेस का किसी गुड लुकिंग एक्टर संग काम करना।



# डॉग लवर्स के लिए मस्ट है फिल्म नेमार

**मुंबई।** अगर आप एक डॉग लवर हैं तो हम आपको जियो हॉटस्टार पर मौजूद एक फिल्म का नाम बता रहे हैं। ये फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। ये मलायालम फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अगर अभी तक आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो इस वीकेंड पर जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है नेमार। फिल्म को सुधी मैडिसन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म का मेन किरदार एक कुत्ता है जिसका नाम नेमार होता है। नेमार नाम ब्राजील के एक पॉपुलर फुटबॉलर के नाम पर इस नाम को रखा गया है। फिल्म में इस बात की ओर इशारा भी किया जाता है। नेमार के प्लॉट की बात करें तो दो दोस्त एक लड़की को इम्प्रेस करने के लिए एक कुत्ते को अडॉप्ट करते हैं।

## टीवी मसाला



# साइको सैयां का ट्रेलर रिलीज जुनूनी आशिक बने रवि किशन

**नई दिल्ली।** रवि किशन एक मंझे हुए कलाकार हैं, हर किरदार में जान डाल देते हैं। गुरुवार को उनकी अपकमिंग सीरीज 'साइको सैयां' का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें 'नागिन'से फेमस हुईं टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश भी एक अहम किरदार निभा रही हैं। दो मिनट के इस ट्रेलर में सबसे पहले कार्तिक (अनुद सिंह) की एंट्री होती है। वह उज्जैन का एक लड़का है, जिसकी दुनिया तब उलट जाती है, जब वह चारू से मिलता है। चारू का रोल तेजस्वी प्रकाश ने निभाया है। ट्रेलर में पहले रोमांस नजर आता है, लेकिन जैसे जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, कार्तिक का प्यार जुनून में बदल जाता है। वह शहर में चारू का पीछा करता है। जो भी चारू के करीब आता है, उसे रास्ते से हटाने के लिए कड़े कदम भी उठाता है। फिर ट्रेलर में नजर आते हैं, रवि किशन। वह भी इस सीरीज में एक और जुननी आशिक बने हैं। उनके किरदार की एंट्री के बाद कहानी में नए ट्विस्ट आते हैं। इस सीरीज में अपने किरदार के बारे में रवि किशन कहते हैं, 'मेरे किरदार अपने ही नियमों से खेलता है और अपने साथ एक तरह की अनप्रेडिक्टेबिलिटी लाता है। यह एक इंटेंस, बेबाक रोल है। इसे करने में मुझे मजा आया।'इस सीरीज से ओटीटी पर तेजस्वी प्रकाश डेब्यू कर रही हैं। वह कहती हैं, 'साइको सैयां से ओटीटी पर डेब्यू कर रही हूं। मेरे रोल काफी लेयर्ड हैं। मैं इस रोल के लिए शुक्रगुजार हूं।'इस सीरीज में सृष्टि श्रीवास्तव, सुरभि चंदना, वरुण भगत, अश्विनी कालसेकर और यशपाल शर्मा भी सपोर्टिंग रोल में हैं। 'साइको सैयां' 25 फरवरी से अमेजन एमएक्स प्लेयर, प्राइम वीडियो जैसे सभी प्लेटफॉर्म पर फ्री में स्ट्रीम होगी।

## द 50' में नहीं थम रहा झगड़ा का सिलसिला

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' दर्शकों को एंटरटेनमेंट की भरपूर डोज दे रहा है। इस शो में भी 'बिग बॉस'की तरफ



आए दिन झगड़े और फसाद होते हैं। हालिया रिलीज प्रोमो में टीवी एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित का एक दूसरी प्रतियोगी से जमकर झगड़ा हुआ। रिद्धिमा पंडित को टीवी सीरियल 'बहू हमारी रजनीकांत'के जरिए खूब फेम मिला। 'द 50' के प्रोमो में एक्टर प्रिंस नरुला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हर शख्स को फिनाले तक नहीं ले जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतियोगी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। इस दिव्या अग्रवाल ने एक प्रतियोगी का नाम लिया। इस पर रिद्धिमा, दिव्या से बहस करने लगीं। वह कहती हैं कि यह हर कोई एक गैंग में भी अपना-अपना ग्रुप बनाकर चल रहा है। इसके अलावा रिद्धिमा ने दिव्या को कहा कि वह यहां की बॉस नहीं है, तो वह उनकी नहीं सुनेगी।

# 44 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने छाप डाले 342 करोड़, झटके 4 नेशनल अवॉर्ड

*बॉलीवुड की वो फिल्म जो महज 44 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन इसने बॉक्स-ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने शानदार कलेक्शन दर्ज करने के साथ ही 4 नेशनल अवॉर्ड्स जीते थे। ये फिल्म लीड एक्टर और डायरेक्टर दोनों के कॅरियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई थी। भारतीय सिनेमा में अब बड़े बजट की फिल्में आम होती जा रही हैं। आज कई प्रोजेक्ट्स 500 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की लागत में बन रहे हैं। भारी-भरकम बजट में बन रही इन फिल्मों की खासियत बड़े सितारे, भव्य सेट और हाई-एंड वीएफएक्स से हैं। नीतेश तिवारी की रामायण को अबतक की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा हैं। फिल्मों की कामयाबी सिर्फ बजट से तय नहीं होती हैं। कई कम बजट फिल्मों ने शानदार कलेक्शन दर्ज कर दमदार परफॉर्मेंस की. कई बार कम बजट की फिल्में भी दमदार कहानी और मजबूत प्रस्तुति के दम पर बड़ी सफलता हासिल कर लेती हैं। कुछ फिल्में सीमित संसाधनों के साथ चुपचाप शुरू होती हैं, लेकिन रिलीज के बाद इतिहास बना देती हैं। ऐसी ही एक वॉर ड्रामा फिल्म है जिसे नए डायरेक्टर और उस दौर के उभरते लीड अभिनेता ने मिलकर बनाई थी।*

**नई दिल्ली।** खास बात यह रही कि इतने भव्य प्रेजेंटेशन के बावजूद फिल्म बहुत कम बजट में तैयार हुई और बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल करते हुए बड़ी कमर्शियल हिट साबित हुई। फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' को आदित्य धर ने डायरेक्ट किया और विक्की कौशल ने लीड रोल निभाया। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म ने देशभक्ति के जज्बे और तेज डायलॉग्स के कारण दर्शकों का दिल जीत लिया। साथ ही, इंडस्ट्री के लोगों को भी इस बात ने प्रभावित किया कि फिल्म कितनी कुशलता से बनाई गई थी। 44 करोड़ के बजट में बनी 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' ने दुनियाभर में 342.73 करोड़ रुपए का कलेक्शन दर्ज किया था। 'उरी' उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल थी। पुराने इंटरव्यू में आदित्य धर ने शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें फिल्म के लिए उतना ही बजट मिला था, जितना नए डायरेक्टर्स को रामांटिक फिल्मों के लिए मिला था। फिर भी, उन्होंने उसी बजट में युद्ध फिल्म बनाने का फैसला किया।




कहानी में पांच बड़े एक्शन सीक्वेंस थे, जिसमें चंदेल, म्यांमार और उरी अटैक के हिस्से शामिल थे। लेकिन, टीम के पास सिर्फ नौ स्टंट आर्टिस्ट थे, जिनसे ये मुश्किल सीन शूट करने थे।

***शूटिंग के लिए मौसम की स्थिति थी बहुत मुश्किल*** : इसका हल निकालने के लिए आदित्य धर ने स्मार्ट प्लानिंग की। वही नौ स्टंट परफॉर्मर्स कई सीक्वेंस में नजर आए। अलग-अलग दाढ़ी, चोट और मेकअप की मदद से उन्हें हर बार अलग किरदार के रूप में पेश किया गया। अगर ध्यान से देखें, तो कई सीन में वही चेहरे बार-बार दिखते हैं।

# प्रियंका ने वाराणसी को बताया कॅरियर डिफाइनिंग फिल्म...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। लेकिन अभिनेत्री एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी'को लेकर काफी उत्साहित हैं। प्रियंका इस फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यही कारण है कि प्रियंका 'वाराणसी'को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में पति निक जोनस के साथ 'द ब्लफ'के वर्ल्ड प्रीमियर में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 'वाराणसी'को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इसे करियर-डिफाइनिंग बताते हुए कहा कि 'वाराणसी' उनके लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सात साल बाद किसी भारतीय फिल्म से दूर रहने के बाद, इस फिल्म को पहले से ही आने वाले समय की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। प्रियंका ने निर्देशक राजामौली को भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बताया। साथ ही कहा कि वो अपनी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।



एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'वाराणसी' की घोषणा पिछले साल की गई थी। हैदराबाद में फिल्म का एक बड़ा इवेंट हुआ था, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई थी। इस फिल्म में महेश बाबू रुद्र के किरदार में नजर आएंगे। वो फिल्म में भगवान राम के अवतार में भी दिखाई देंगे। इसके अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका निभाएंगे, उनके किरदार का नाम कुंभा है। जबकि प्रियंका चोपड़ा फिल्म में मंदाकिनी के किरदार में दिखाई देंगी।'

## हर बार अपने किरदार में पूरी तरह उतर जाया करते थे

# बॉलीवुड का इकलौता हीरो, जिन्हें मिला था बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *कई बार एक्टर के असली नाम पर उनका किरदार भारी पड़ गया है। यहां आज हम उस हीरो की बात कर रहे हैं जिन्हें फ्रांस के फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के रोल से सम्मानित किया गया।कई बार फिल्मी सितारों के नाम पर उनका किरदार अधिक हावी हो जाता है। ये किरदार उन्हें दुनिया भर में वो पहचान दिलाते हैं, जिसके बाद लोग उनका नाम जानने की ललक रखते हैं। हिंदी सिनेमा और थिएटर की दुनिया के चमकते सितारे निर्मल पांडे ऐसे ही कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी। इनका नाम एक ऐसे एक्टर के तौर पर फेमस है जो थे तो अभिनेता, लेकिन उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। निर्मल पांडे की भूमिका चाहे बड़े पर्दे पर हो या छोटे पर्दे पर, वे हर बार अपने किरदार में पूरी तरह उतर जाया करते थे।*

### किन्नर किरदार के लिए मिला था अवॉर्ड

साल 1997 में फ्रांस के वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में निर्मल पांडे को फिल्म 'दायरा' में अपने किन्नर किरदार के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था, जिसके बाद तालियां गूंज उठी थी। वे इंडस्ट्री के इकलौते ऐसे पुरुष कलाकार थे, जिन्हें 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड दिया गया था।

### नैनीताल से थे

निर्मल पांडे का जन्म 10 अगस्त 1962 को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हुआ था। उनका असली नाम राजकुमार पांडे था। बचपन से ही उनकी रुचि एक्टिंग में थी। स्कूल और मोहल्ले में होने वाली रामलीला और नाटकों में वह हमेशा भाग लिया करते थे। अल्मोड़ा और नैनीताल में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय के सपनों को पूरा करने के लिए दिल्ली का रुख किया।

### पढ़ाई पूरी करने के बाद लंदन चले गए



एनएसडी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह लंदन चले गए। वहां उन्होंने एक थिएटर ग्रुप के साथ जुड़कर लगभग 125 नाटकों में अभिनय किया। उन्होंने हीर-रांझा, एंटीगोन और कई अन्य क्लासिक नाटकों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी एक्टिंग विदेशी दर्शकों को भी बेहद पसंद आई।

### एनएसडी से एक्टिंग की पढ़ाई शुरू की

दिल्ली आने के बाद निर्मल पांडे ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से एक्टिंग की पढ़ाई शुरू की। एनएसडी में उन्होंने थिएटर और अभिनय की बारीकियों को सीखा। इस दौरान उन्होंने नाटकों का निर्देशन भी करना शुरू किया और मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाते रहे।

### जीवन संघर्षों से भरा



निर्मल ने फिल्मों के साथ-साथ टीवी पर भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने हातिम और प्रिंसेस डॉली और उसका मैजिक बैग जैसे शो में विलन का किरदार निभाया। इसके अलावा, वे संगीत में भी रुचि रखते थे और 2002 में अपनी म्यूजिक एल्बम 'जज्बा' लॉन्च की। निर्मल पांडे का जीवन संघर्षों से भरा था। निर्मल पांडे का गाजियाबाद में एक एक्टिंग इंस्टिट्यूट, फ्रेश टैलेंट अकैडमी था, जहां उन्होंने थिएटर वर्कशॉप आयोजित किए। हार्ट अटैक के चलते 18 फरवरी 2010 को 47 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

### वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

निर्मल पांडे की खासियत यह थी कि वे किसी भी किरदार में पूरी तरह ढल जाते थे। यही वजह थी कि उन्हें अमोल पालेकर की फिल्म 'दायरा' में किन्नर के रोल के लिए 1997 में फ्रांस के वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला। फिल्म में उनके साथ सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य किरदार में थीं। इसकी कहानी बेहद खास थी, जिसमें लड़की को लड़का बनना था और लड़के को लड़की। जब फिल्म के लिए अवॉर्ड मिला तो दोनों को किरदार के अनुसार सम्मानित किया गया, यानी निर्मल पांडे को बेस्ट एक्ट्रेस और सोनाली कुलकर्णी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई



राजपुर। महान नदी के नरसिंहपुर घाट से हो रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। खबर प्रकाशन के बाद राजस्व विभाग की टीम ग्राम पंचायत नरसिंहपुर पहुंची। इस दौरान टीम शिकायतकर्ता सरपंच का बयान दर्ज करने का करती रही लेकिन सरपंच के गांव में उपस्थित नहीं होने कारण बयान दर्ज नहीं हो पाया है। वहीं नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि ग्राम में पुनः अवैध रूप से भंडारित रेत को जब्त किया गया तथा जब्त रेत को ग्राम के उपसरपंच सतीश सिंह को सुपुर्द किया गया है। टीम ने 18 फरवरी को दीपक यादव और सुरेश जायसवाल द्वारा अवैध रूप से संग्रहित रेत को जब्त कर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि नरसिंहपुर घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर राजपुर मुख्यालय होते हुए शंकरगढ़ और धौरपुर की ओर परिवहन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठोस कार्रवाई नहीं होने से रेत तस्करों के हौसले बुलंद हैं। उपसरपंच सतीश सिंह ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। इससे पंचायत को राजस्व की हानि हो रही है तथा भारी वाहनों के आवागमन से विशेष पिछड़ी जनजाति के ग्रामीणों में भय का वातावरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध उत्खनन नहीं रुका तो ग्रामवासी आंदोलन करेंगे।

### विक्षोभ के प्रभाव से बढ़ी बादलों की आवाजाही

अम्बिकापुर। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से अब न्यूनतम तापमान में क्रमशः वृद्धि होने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। फरवरी के प्रारम्भ से ही सरगुजा में अच्छी ठंड पड़ रही है तथा पिछले 14 दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे स्थिर है। हालाकि उत्तर भारत में फरवरी में चार पछुआ विक्षोभ भी सक्रिय हुए लेकिन कमजोर होने के कारण इनका प्रभाव सरगुजा तक नहीं पहुंच सका। दो दिन पूर्व उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से गुरूवार को सुबह से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण पूरे दिन सूरज के लुकाछिपी का खेला चलता रहा। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को भी आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम में आए बदलाव के कारण बुधवार को दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई थी।

#### वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

# मनेन्द्रगढ़ में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 का वार्षिकोत्व एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ी महतारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का गुलदस्ता एवं बैच लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पांडेय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक संगीत एवं मनमोहक नृत्य ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और छात्राओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती नीलू जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ प्रतिमा यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को नवाचार एवं नई दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्या शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ.अविनाश खरे, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव एवं पत्रकार विनीत जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं के कैरियर एवं सर्वांगीण विकास के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) प्रथम शिखा बर्मन, द्वितीय अदिति पूर्ति। प्रश्न मंच प्रतियोगिता प्रथम आकांक्षा अग्रवाल (बीएससी तृतीय वर्ष), द्वितीय सुहाना साहू, तृतीय शिखा बर्मन। ग्रुप डिस्कशन प्रथम सुहाना साहू, कंचन तिवारी, काजल। भाषण प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग) प्रथम उषा सिंह, द्वितीय इंद्रावती, तृतीय अदिति पोर्ते। कविता पाठ प्रतियोगिता प्रथम हेमवती, द्वितीय फरहीन बानो, तृतीय तमन्ना परवीन। निबंध प्रतियोगिता प्रथम एवं गति, द्वितीय आकांक्षा अग्रवाल, तृतीय अदिति पोर्ते। कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षद श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा, श्रीमती सुशीला सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जन भागीदारी सदस्य प्रतिमा पटवा, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय, श्रीमती भावना गुप्ता, जनभागीदारी सदस्य, आलोक जायसवाल, गोविंद वर्मा, श्रीमती नीतू मनहरे, श्रीमती सुधा सोनी, मयंक जैन, कृष्ण कुमार जायसवाल, मृत्युंजय सोनी सहित अभिभावकों की उपस्थिति रही। अंत में डॉ. वर्षा तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारीगण की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।

# महिलाओं को मिला गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

प्रधानमंत्री उज्जवला 3.0 योजना के अंतर्गत गैस एजेंसी परिसर में आयोजित वितरण कार्यक्रम में पात्र महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन और संबंधित सामग्री प्रदान की गई। युवा पार्षद स्वप्निल सिन्हा के सहयोग से आमाखेरवा, बदन सिंह मोहल्ला, टीवी टॉवर रोड और केंवट मोहल्ला की हितग्राही महिलाओं को योजना का लाभ दिलाया गया।

गैस सिलेंडर पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया। गैस एजेंसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 22 की 11 पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत नया गैस कनेक्शन वितरित किया गया। पार्षद स्वप्निल सिन्हा की उपस्थिति में हितग्राहियों को विधिवत गैस सिलेंडर और चूल्हा सौंपा गया। इस अवसर पर पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वार्ड में चिन्हित पात्र परिवारों को चरणबद्ध तरीके से उज्जवला योजना से जोड़ा जा रहा है ताकि किसी भी परिवार की रसोई धुएं से प्रभावित ना रहे। उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को लकड़ी और कोयले के चूल्हे से होने वाली धुएं की समस्या से राहत मिलेगी तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव भी कम होंगे। इससे समय की बचत के साथ स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में भोजन तैयार किया जा सकेगा। लाभान्वित महिला किरण यादव ने बताया कि पहले उन्हें रोज लकड़ी इकट्ठा करनी पड़ती थी और धुएं में खाना बनाना पड़ता था जिससे आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती थी। अब गैस कनेक्शन मिलने से उनका काम आसान हो गया है और रसोई साफ-सुथरी रहेगी। इसी तरह गीता चौहान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उज्जवला योजना का लाभ मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। पहले बारिश के दिनों में चूल्हा जलाना बहुत मुश्किल होता था, लेकिन अब गैस से जल्दी और आसानी से खाना बन सकेगा। उन्होंने इसके लिए वार्ड पार्षद का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में पार्षद ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि जरूरतमंदों को शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जाते रहेंगे।



**ये हितग्राही रहे उपस्थित**

वितरण कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद स्वप्निल सिन्हा के साथ शीतला बाई साहू, अनुराधा सिंह, पुनीता साहू, पार्वती जायसवाल, शिवांगी देवी, किरण यादव, गीता चौहान, ममता चौबे, संजू सिंह, किरण द्विवेदी, अनूप कुमारी और रेनू सेन, छाया अग्रवाल, बिसनिया, माया सिंह, शशि सिंह, कलश, किरण नाई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

## 4.27 लाख क्विंटल धान का उठाव



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद उठाव कार्य तेज गति से जारी है। प्रशासन की सक्रियता और बेहतर समन्वय के चलते अब तक 8 लाख 79 हजार 848.6 क्विंटल कुल खरीदी में से 8 लाख 19 हजार 680 क्विंटल धान के परिवहन की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इनमें से 4 लाख 27 हजार 630 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव हो चुका है, जो जिले की कार्यकुशलता और व्यवस्थापन क्षमता को दशार्ता है।

प्रशासनिक आंकड़े बताते हैं कि चरणबद्ध ढंग से मिलर्स और परिवहन एजेंसियों के समन्वय से धान का परिवहन निरंतर जारी है। इससे सोसायटी परिसरों में भंडारण का दबाव कम हो रहा है और किसानों को भुगतान प्रक्रिया में तेजी मिल रही है। केल्हारी, कौड़ीमार, बरबसपुर, चैनपुर, बरदर और नागपुर जैसे बड़े खरीदी केन्द्रों से उल्लेखनीय मात्रा में धान उठाव किया गया है। विशेष रूप से केल्हारी से 39,100 क्विंटल, कौड़ीमार से 36,140 क्विंटल, बरबसपुर से 31,140 क्विंटल, चैनपुर से 30,860 क्विंटल, बरदर से 30,210 क्विंटल, नागपुर से 24,040 क्विंटल, घुटरा से 23,330 क्विंटल, कठौतिया से 23,040 क्विंटल, कोड़ा से 21,480 क्विंटल तथा कुवांरपुर से 19,860 क्विंटल धान का उठाव जिले की सकारात्मक प्रगति को दशार्ता है। प्रशासन द्वारा शेष 3 लाख 92 हजार 50 क्विंटल धान के उठाव को भी समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में सोसायटी परिसरों में 4 लाख 52 हजार 218.6 क्विंटल धान शेष है, जिसके शीघ्र परिवहन के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

# जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर 2073 मरीजों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



संचालनालय आयुष के आदेशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलवीना ग्रेस टोप्पो के निर्देशन में 15 से 18 फरवरी तक महाशिवरात्रि मेला के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर प्रांगण चित्ताझोर पोड़ी में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जन-जन तक आयुष स्वास्थ्य सेवाओं का प्रसार करना रहा। इस दौरान विशेष रूप से वृद्धजन के स्वास्थ्य परीक्षण, मौसम के अनुरूप दिनचर्या एवं आहार-विहार की जानकारी तथा राष्टीय आयुष कार्यक्रमों के बारे में जनजागरूकता पर जोर दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति के चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में आयुर्वेद पद्धति से 1131, होम्योपैथी से 584 एवं यूनानी से 358 मरीजों का उपचार किया गया। इस प्रकार कुल 2073 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त 128 मरीजों का अग्निकर्म, विद्धकर्म एवं कपिंग थेरेपी के माध्यम से वात व्याधि का उपचार किया गया। पांचों दिवस आयुष काढ़े का वितरण किया गया। साथ ही कुपोषण, वृद्धजन स्वास्थ्य, दिनचर्या-ऋतुचर्या, ऋतु अनुसार पथ्य-अपथ्य तथा योग संबंधी विषयों पर ब्रोशर एवं पंपलेट वितरित कर जागरूकता बढ़ाई गई। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.आरएस यादव (शिविर प्रभारी), डॉ. एमएस तोमर, डॉ. बीआर नायक, डॉ. आरके शर्मा, डॉ. बीके गुप्ता, डॉ. जेएल यादव, डॉ. जेएन मिश्रा, डॉ. मिथलेश विश्वकर्मा, डॉ. अंजलि एवं डॉ. सृष्टि गुप्ता सहित होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. पुष्पा सिंह, डॉ. तपन चंद्रवंशी तथा यूनानी चिकित्सक डॉ. नाजिया अंसारी द्वारा मरीजों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। आयुर्वेद फार्मासिस्ट के रूप में राजेश विश्वकर्मा, रोहित लाल भारिया, अमित पुरोहित, श्रीमती तारामनी बेक, कामदेव यादव, डागेश्वर साहू, युवराज सिन्हा एवं प्रशांत कुमार ने औषधि वितरण में सहयोग किया। शिविर की सफलता में कुलबंत बेक, पीताम्बर सिंह, शिव कुमार साहू, सुभाष तिग्गा, रामजीत पंडो, सुकभान सिंह, नूपेन्द्र कुमार एवं रवि किशन पटेल का विशेष योगदान रहा।

## छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** शासन के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका के कुल 20 छात्राओं को शासकीय पॉलिटेनिक कॉलेज सलका का भ्रमण कराया गया।

विज्ञान संग्रहालय भ्रमण कराने का मुख्य उद्देश्य-अनुभवात्मक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, जिज्ञासा जगाना, ज्ञान को व्यवहारिक बनाना, नवाचार को बढ़ावा देना है जिसमें पॉलिटेनिक कॉलेज में संचालित होने वाले विभिन्न यूनिटों का विजिट कराया गया, जिसमें साइंस म्यूजियम, इंजिनीयरिंग शाखाएं शिविल इंजिनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक एवं कम्यूनिकेशन इंजिनीयरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजिनीयरिंग, केमिकल इंजिनीयरिंग के संबंध में छात्राओं को कॉलेज प्रबंधन के द्वारा जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को इंजिनीयरिंग के क्षेत्र में पढ़ाई क लिए प्रोत्साहित किया गया।

20 फरवरी को कार्यक्रम में प्राचार्य मोनेश कुमार गजेन्द्र, व्याख्याता दीपक कुमार साहू, व्याखाता अंकित कुमार, व्याखाता हर्षित राय, कनिष्ठ प्रशिक्षक सुनील कुमार राजवाड़े, प्रशिक्षक विवेक कुमार एक्का, तकनीकी सहायक धीरज कुमार एवं महिला सशक्तिकरण केन्द्र-मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती दीपिका पटेल, नवा बिहान से महिला संरक्षण अधिकारी-श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव तथा जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती पुष्पा सिंह उपस्थित रहे।

## जिपं सीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिली अधीक्षिका, जताई नाराजगी



**राजपुर।** जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने विकासखंड के पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर एवं कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर में अधीक्षिका अनुपस्थित पाई गईं।

उपस्थित गार्ड से पूछताछ करने पर उनके अम्बिकापुर जाने की जानकारी मिली। जिपं सीईओ ने रसोई कक्ष का निरीक्षण कर रसोइयों से भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उस समय आलू-पत्ता गोभी की सब्जी, मसूर दाल एवं चावल बनाया जा रहा था किंतु उपस्थित छात्राओं की संख्या की तुलना में खाद्य सामग्री की मात्रा काफी कम पाई गई। इस पर रसोइयों ने बताया कि अधीक्षिका द्वारा सीमित सामग्री ही उपलब्ध कराई गई थी। इस स्थिति पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि छात्राओं की उपस्थिति के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में भोजन तैयार किया जाए। इसके पश्चात उन्होंने छात्राओं से अध्ययन-अध्यापन, आवासीय व्यवस्था एवं व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। यहां छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। विद्यालय की दीवार पर साप्ताहिक मेन्यू प्रदर्शित नहीं होने पर उन्होंने असंतोष जताते हुए तत्काल मेन्यू तैयार कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत राजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे भी उपस्थित रहे।

# अदाणी विद्या मंदिर को मिला क्लीन एंड ग्रीन स्कूल ऑफ द डिस्ट्रिक्ट सम्मान

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण अंचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए अदाणी विद्या मंदिर को केंद्र सरकार की ग्रीन एंड क्लीन स्कूल पहल के तहत क्लीन एंड ग्रीन स्कूल ऑफ द डिस्ट्रिक्ट सम्मान से नवाजा गया है।

जिले के 2,365 से अधिक विद्यालयों के विस्तृत निरीक्षण के बाद स्कूल ने सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और पांच-सितारा रेटिंग प्राप्त की। यह सम्मान गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिलाधीश अजीत वसंत,



राजेश अग्रवाल तथा जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से उप-प्रधानाचार्य डॉ. टी एल वर्मा ने सम्मान ग्रहण किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चरचा माइंस में...

आई हैं, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन के पंजीयन के आधार पर उसके मालिक की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार चालक और इसमें शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी माइंस क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


### पीडीएस दुकान में...

पार्षद किरण कुजूर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दोनों पार्षदों ने हितग्राहियों से संवाद करते हुए राशन वितरण से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। नागरिकों ने राशन वितरण की व्यवस्था को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कुछ हितग्राहियों ने समय-समय पर स्टॉक उपलब्धता, वितरण की नियमितता तथा जानकारी के अभाव जैसी समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित किया। पार्षदों ने इन बिंदुओं पर त्वरित सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

### तीन दिवसीय कोरिया...

बनारस से आए डॉ. राकेश ने बांसुरी वादन से मधुर सुरों की छटा बिखेरी। निनवा की सुश्री दुर्गा साहू एवं उनके दल ने छग की प्रसिद्ध पंडवानी गायन से लोक परंपरा की जीवंत झलक प्रस्तुत की। महोत्सव स्थल पर कोरिया मिलेट्स कैफे, जंगल कैफे एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर दर्शकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। आयोजन में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं जिलेवासी उपस्थित रहे।

# महामाया मंदिर परिसर में बिना पेड़ काटे बना शेड



रामानुजगंज। एक ओर जहां क्षेत्र में विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ों की कटाई की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं, वहीं रामानुजगंज से एक सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों में से एक मां महामाया मंदिर परिसर में वर्षों से लंबित शेड निर्माण की मांग को इस प्रकार पूरा किया गया कि न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिली, बल्कि एक विशाल वर्षों पुराना नीम का पेड़ भी सुरक्षित रहा। मां महामाया मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। गर्मी, बारिश और धूप से बचाव के लिए मंदिर परिसर में शेड निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। स्थानीय व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा कई बार इस विषय को नगर पंचायत के समक्ष उठाया गया था। मंदिर परिसर में जिस स्थान पर शेड प्रस्तावित था, वहीं एक विशाल एवं नीम का पेड़ वर्षों से खड़ा है। यह पेड़ न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्राकृतिक छाया देती है। शेड निर्माण के दौरान सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि निर्माण कार्य कैसे किया जाए ताकि पेड़ को कोई नुकसान न पहुंचे। निर्माण एजेंसी और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शेड का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया जाए जिससे नीम का पेड़ पूरी तरह सुरक्षित रहे। परिणामस्वरूप शेड की संरचना को पेड़ के चारों ओर समायोजित करते हुए विशेष डिजाइन तैयार किया गया।







